कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 श्री मदनलाल जी मिश्रा ठेकेदार मिश्रा सदन पंचायत समिति रोड दौसा जिला दौसा पिन कोड– 303303

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा
अपील सं0 09/2020

दिनांक : 23.03.2020

निर्णय

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा से संबंधित है। इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/753 दिनांक 04.03.. 2020 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा ने अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना आयुक्त नगर परिषद दौसा से संबंधित बताते हुए पत्रांक : आरटीआई/2020/79 दिनांक 29.01.2020 द्वारा संबंधित को धारा 6(3) मे स्थानान्तरित किया गया । किन्तु आवेदक को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) मे जिला कलक्टर कार्यालय दौसा मे प्राप्त उनके पत्र के संबंध मे चाही गई वॉछित सूचना नहीं दी गई है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा